''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 121 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 02 मई 2025 samachargate@gmail.com




## 4 मई को एन.आई.टी. विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भव्य जन आभार रैली

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए की जाएगी ऐतिहासिक घोषणाएं : सतीश फागना**



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद, 1 मई।** हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, जनता के सेवक और विकास पुरुष श्री नायब सिंह सैनी आगामी 4 मई को शाम 4 बजे फरीदाबाद की एन.आई.टी. विधानसभा क्षेत्र में स्थित डबुआ सब्जी मंडी में आयोजित जन आभार रैली को संबोधित करेंगे। यह विशाल जनसभा एन.आई.टी. के कर्मठ विधायक श्री सतीश फागना द्वारा आयोजित की जा रही है, जो क्षेत्र की आवाज़ बनकर निरंतर जनसेवा में लगे हुए हैं। इस रैली में विशेष रूप से शामिल होंगे भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के लोकप्रिय सांसद श्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर, जिनका फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एन.आई.टी. के विधायक सतीश फागना ने प्रेस वार्ता कर जन आभार रैली के विषय में जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता में बल्लभगढ़ जिले के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी, पार्षद भगवान सिंह, मुकेश डागर, राजेश डागर, विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

विधायक सतीश फागना ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह रैली केवल धन्यवाद ज्ञापन का मंच नहीं है, बल्कि यह एन.आई.टी. विधानसभा के भविष्य की नींव रखने वाला एक ऐतिहासिक क्षण है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अपने दूरदर्शी नेतृत्व में जिस प्रकार से हरियाणा को हर क्षेत्र में विकसित और सशक्त राज्य बना रहे हैं, उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वे इस रैली में एन.आई.टी. क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए नई योजनाओं और बजट घोषणाओं की सौगात देंगे। श्री फागना ने कहा कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, सड़कों और गलियों का निर्माण हो, बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो, सीवर, ड्रेनेज और सड़कों की समस्याओं का स्थायी समाधान मिले, कूड़ा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए और क्षेत्र को एक स्मार्ट, स्वच्छ और समृद्ध विधानसभा के रूप में विकसित किया जाए।

श्री फागना ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के नागरिकों के प्रति उनके स्नेह, प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। यह रैली न केवल विकास का रोडमैप पेश करेगी, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास और सहभागिता को और मजबूत करेगी। यह रैली आपके, हमारे और पूरे एन.आई.टी. क्षेत्र के उज्जवल भविष्य की शुरुआत है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि रैली में अधिक से अधिक संख्या में पधारे और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

पाकिस्तानी सांसद के बाबरी की पहली ईंट लगाने के बयान पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज का पलटवार, कहा–

## 'सांसद सपने में बोल रही है, बाबरी की एक-एक ईंट उखाड़ दी गई है और अब वहां भव्य राम मंदिर है'




समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने पाकिस्तानी सांसद के बाबरी की पहली ईंट पाक सैनिक द्वारा लगाने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह शायद सपने में बोल रहे हैं क्योंकि यह काम सपने में भी नहीं हो सकता। बाबरी की एक-एक ईंट उखाड़ कर फेंक दी गई है। वहां भव्य राम मंदिर बन गया है और इन्हें अब भी बाबरी याद आ रही है। पाकिस्तानी सांसद नींद के सपने में ये बोल रही हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फैसला किया है कि जातिगणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाएगा। वहीं जातीय जनगणना को लेकर राहुल गांधी बोले है कि हमने पहले ही कहा था, जाति जनगणना करवानी ही पड़ेगी, हम करवाकर रहेंगे, के सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल कोई भी फैसला करने से पहले उसका राष्ट्रव्यापी अध्ययन करवाता है। जो उसमें फैसला आता है उसके मुताबिक निर्णय लिया जाता है। अधिकतर लोगों का मानना था कि जातिगत गणगना करानी चाहिए इसलिए सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया। श्री विज ने तंज कसते हुए कहा कि अब राहुल गांधी तो कुछ भी कहते हैं वो तो ये भी कह रहे थे हफ्ते में एक दिन चंद्रमा नीचे आएगा। राहुल गांधी ने तो कई बातें कहीं हैं।

**प्रधानमंत्री गंभीरता के साथ बोल चुके है, कहीं भी टालमटोल नहीं है और पाकिस्तान डरा हुआ है : विज**

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को आतंकियों के खिलाफ कड़ी और स्पष्ट कार्रवाई करना चाहिए। इस पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री गंभीरता के साथ बोल चुके है कहीं भी टालमटोल नहीं है। युद्ध की तैयारी हो रही है। पाकिस्तान डरा हुआ है उनके नेता कह रहे हैं कि कभी भी हमला हो सकता है। लेकिन हमला सब कुछ देखकर किया जाता है, यह ज्ञान राहुल गांधी को नहीं है क्या?।

## पंजाब की आप सरकार द्वारा जल वितरण के मामले में की जा रही राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण : नायब सिंह सैनी



समाचार गेट/नरवीर यादव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जल वितरण के मामले में की जा रही राजनीति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह पीने के पानी का विषय है, इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। पंजाब तो गुरुओं की भूमि है, श्री भगवंत मान को गुरुओं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए मानवता के आधार पर पानी को रोकना नहीं चाहिए। पंजाब हमारा बड़ा भाई है, और उसके द्वारा छोटे भाई हरियाणा के पानी को रोकना गलत है। मुख्यमंत्री ने आज पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इनसे (आम आदमी पार्टी) दिल्ली की हार बर्दाश्त नहीं हो रही। इन्होंने दिल्ली के लोगों को भी सपने दिखाए थे, वहां भी लोगों ने इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। अब ये लोग सोच रहे हैं कि पंजाब में अपनी इज्जत बचा लें, लेकिन यहां भी नहीं बचेगी। नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें पानी के मामले पर घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए। बल्कि व पंजाब सूबे के विकास के लिए काम करें। पंजाब के लोगों ने इन्हें जनादेश दिया है। पंजाब के लोगों को जो अपेक्षाएं आपसे थी, उनके हित में काम करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले तो इन्होंने किसानों पर लाठियां चलवाई। मैंने बार-बार कहा कि किसान तो देश के लोगों का पेट भरने का काम करते हैं, ये मेहनतकश लोग हैं। लेकिन फिर भी इन पर लाठियां चलवाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिंचाई के पानी की बात नहीं है, यह केवल पेयजल की बात है। हमारी संस्कृति में है और गुरुओं से भी हमने सीखा है कि किसी अनजान व्यक्ति को भी हम पानी पिलाकर उसका स्वागत करते हैं। हमारी संस्कृति ऐसी है कि अगर पंजाब प्यासा रहता है तो हम अपने हिस्से का पानी काटकर भी पंजाब के लोगों को दे देंगे। उन्होंने कहा कि आज तक के इतिहास में पीने के पानी को लेकर कभी भी कोई विवाद नहीं हुआ। लेकिन क्योंकि अब पंजाब में चुनाव आने वाले हैं, इसलिए ये लोग राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इस राजनीति को समझ रहे हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अभी 2 महीने के बाद बरसात शुरू हो जाएगी, उस समय बारिश का पानी पाकिस्तान में चला जाएगा, जो हमारे निहत्थे लोगों को मार रहा है, हम उनको पानी क्यों दें। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपनी राजनीति को चमकाने के लिए दिल्ली चुनाव के दौरान भी अरविंद केजरीवाल ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की बात कही थी और अब श्री भगवंत मान जो बोल रहे हैं, उसके पीछे भी अरविंद केजरीवाल ही है। इसलिए मैं, मान साहब को सतर्क कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अप्रैल, मई और जून माह के दौरान एक्स्ट्रा पानी मिलता है, क्योंकि गर्मी होती है। आबादी लगातार बढ़ रही है, इसलिए पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। एनसीआर का एरिया देखें तो वहां आज बहुत इंडस्ट्री आ गई है। 2011 का एसईसीसी डाटा के मुकाबले दो गुना आबादी की संख्या बढ़ गई है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2022, 2023 और 2024 में कभी भी यह पानी नहीं रोका गया और अप्रैल, मई और जून में 9000 क्यूसेक पानी हर वर्ष देते थे। इसमें से दिल्ली को 500 क्यूसेक, राजस्थान को 800 क्यूसेक और पंजाब को 400 क्यूसेक पानी मिलता है। बचे हुए पानी में से हरियाणा अपनी जरूरतें पूरी करता है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं और श्री भगवंत मान साधारण परिवारों के बच्चे हैं। हम दोनों ही जानते हैं कि कैसे हमारी माताएं सिर पर मटका रखकर कई-कई किलोमीटर दूर से पानी लाती थीं। इसलिए उन्हें पीने के पानी पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। मैं श्री भगवंत मान से निवेदन करूंगा कि वे किसी की बातों में न आएं और अपने विवेक से काम करें। पंजाब के लोगों ने आपको जो जनादेश दिया है, उस जनादेश का सम्मान करें और हरियाणा व पंजाब के बीच द्वेष पैदा न करे।

## मृतकों के परिवार को 25 लाख रुपए सहित एक-एक सरकारी नौकरी देने की घोषणा करें हरियाणा सरकार : जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन

**मुंबई एक्सप्रेस वे दुर्घटना में मृतकों के परिवारजनों के पास शोक व्यक्त करने पहुंचे जेजेपी नेता**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** मेवात में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना में मृतकों के परिवार जनों के पास उनके निवास पहुंचकर जेजेपी जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन ने शोक व्यक्त किया। उनके साथ जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन भी मौजूद रहे।

गौरतलब से कि इस दुर्घटना में नगीना के पत्रकार शेर सिंह के परिवार के भी चार सदस्य सहित कुल सात लोग मृत्यु हुई। जेजेपी नेता ने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार अति शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करें। सहायता के तौर पर प्रत्येक परिवार जन को 25 लाख रुपए व एक-एक सरकारी नौकरी भी प्रदान करें मौके पर जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन नगीना ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने भी हरियाणा सरकार व संबंधित विभाग की तरफ से उचित आर्थिक सहायता की मांग की। उनके साथ उमर मोहम्मद, ठेकेदार सब्बू सहीत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## नीट यूजी परीक्षा 2025 को लेकर एसपी राजेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा 2025 को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार ने गुरुवार को जिले के चार प्रमुख परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी राजेश कुमार ने केंद्र प्रभारियों और सुरक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या नकल की घटना न हो। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी कैमरों और नियंत्रण कक्षों का बारीकी से देख जरूरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी सुरक्षा उपाय समय से पूर्व सुनिश्चित कर लिए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू रहेगी और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा बलों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा और निष्पक्ष परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस व प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी की तैनाती की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश केवल वैध प्रवेश पत्र और आईडी के साथ ही संभव होगा।

## वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत गरीबों का हक, गरीबों को मिले कार्यक्रम का हुआ आयोजन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**पंचकूला।** बृहस्पतिवार को वक्फ़ सुधार जन जागरण अभियान के तहत गरीबों का हक़, गरीबों को मिले उद्देश्य के साथ आयोजित हरियाणा प्रदेश की महत्वपूर्ण बैठक का पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय पंच कमल में आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहे तथा अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने की व विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणींद्रनाथ शर्मा रहे।

बैठक के संयोजक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रशासक हरियाणा वक़्फ़ बोर्ड चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे। बैठक का आयोजन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों के सुव्यवस्थित उपयोग एवं पारदर्शिता हेतु भाजपा का यह अभियान जनहित में एक सार्थक कदम है। अब गरीबों का हक, सिर्फ गरीबों को ही मिलेगा। वक्फ कानून से सबसे ज्यादा फायदा गरीब मुस्लिम भाई-बहनों को ही होगा। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वक़्फ़ बोर्ड के कामों में पारदर्शिता लाने के लिए किए गए प्रावधानों को लोगों तक पहुंचाना और बताना कि इनसे उनकी आय बढ़ेगी जो कि मुस्लिम गरीबों के कल्याण के लिए खर्च की जाएगी और यह बताना कि इन प्रावधानों से वक़्फ़ बोर्डों या वक़्फ़ की गई जायदादों के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आएगी। प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने भी वक्फ़ संशोधन बिल को वक्फ़ बोर्ड व मुस्लिम समाज के गरीबों के हित में बताते हुए इसे सराहनीय कदम बताया।

ज़ाकिर हुसैन ने भी वक्फ़ सुधार जन जागरण अभियान को मुस्लिम लोगों तक ले जाकर इसके फायदे बताने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये संशोधन वक्फ़ बोर्ड व गरीब मुस्लिमों के हित में है।

मुस्लिम समाज की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली जी का पगड़ी बाँधकर और फणींद्रनाथ शर्मा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**बैठक में कौन-कौन हुए शामिल हुए:**

प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, विधायक कालका शक्ति रानी शर्मा, प्रदेश महामंत्री, बंतो कटारिया, पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी आज़ाद मौहम्मद, जिला प्रमुख व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मौहम्मद, पुन्हाना से पूर्व प्रत्याशी हाजी ऐजाज़ काटपुरी, मेराज साबरी, रफाकत अली, सिकंदर सलमानी, शादाब अली नक़्वी आदि।




### जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।





# मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी के अलावा ये अभिनेत्री निभाएगी पुलिस का किरदार

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने पुलिस का दमदार किरदार निभाया था। ये फिल्म काफी कामयाब रही थी। फिल्म की कामयाबी के बाद रानी मुखर्जी मर्दानी 2 में नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही। अब फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। साल 2024 में खबर आई कि फिल्म निर्माता मर्दानी 3 पर काम कर रहे हैं। खबर के मुताबिक फिल्म मर्दानी 3 की शूटिंग इसी साल के शुरुआत में शुरू हो चुकी है। फिल्म अगले साल 2026 में होली के मौके पर रिलीज होगी।

### जानकी बोदीवाला होंगी फिल्म का हिस्सा

वेबसाइट के मुताबिक अभिनेत्री जानकी बोदीवाला भी फिल्म मर्दानी 3 में अहम किरदार अदा करेंगी। जानकी बोड़ीवाला ने फिल्म शैतान में अच्छा रोल निभाया था। इससे रानी मुखर्जी और आदित्य चोपड़ा प्रभावित हुए है, इसलिए उन्होंने जानकी बोदीवाला को फिल्म में अहम किरदार दिया है। वह फिल्म में एक पुलिस का किरदार निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है। खबर है कि मर्दानी 3 दोनों फिल्मों से जबरदस्त होगी। पहले की फिल्में सामाजिक मुद्दों पर आधारित थीं। उसी तरह यह फिल्म भी जरूरी सामाजिक मुद्दों पर होगी।

### जानकी बोदीवाला का बॉलीवुड में दमदार किरदार

जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड में शैतान फिल्म से डेब्यू किया था। इससे पहले वह गुजराती फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। अब वह बॉलीवुड में मर्दानी 3 में अहम रोल अदा करने वाली हैं।
मर्दानी 3 यशराज फिल्म्स के बैनर तले रिलीज होने वाली है। इस बैनर तले चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सैयारा 18 जुलाई, वार 2 दो अगस्त, अल्फा 25 दिसंबर और मर्दानी 3 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली हैं।



# कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बोलीं रकुल प्रीत

रकुल प्रीत सिंह के एक्टिंग करियर को लगभग 15 साल हो चुके हैं। वह कई रोमांटिक फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। रकुल को फैंस उनके नेचुरल लुक के लिए भी काफी पसंद करते हैं। हाल ही में कॉस्मेटिक सर्जरी, प्रोसिजर को लेकर रकुल ने अपना नजरिया साझा किया।

### भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी

हाल ही में एक इवेंट में रकुल प्रीत सिंह को देखा गया। इंस्टेंट बॉलीवुड से की गई बातचीत में वह बताती हैं कि उन्हें कभी कॉस्मेटिक सर्जरी कराने का ख्याल नहीं आया। रकुल कहती हैं, 'भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी है, इसलिए ऐसी बातों के बारे में सोचा नहीं है।' बताते चलें कि पिछले दिनों रकुल को पैपराजी ने मुंबई में एक गाड़ी से उतरते देखा तो उन्होंने अपने होंठों को छुपा लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस वीडियो को देखकर यूजर्स ने कहा था कि रकुल ने होंठों पर कोई कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाया है या फिर फिलर ( एक तरह का प्रोसिजर है, जिससे होंठ उभरे हुए नजर आते हैं) का यूज किया है।

### कॉस्मेटिक प्रोसिजर को गलत नहीं मानती

आगे रकुल कहती हैं, 'हां, अगर कोई ऐसा करना चाहता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। देखिए पहले कई बीमारियों का इलाज नहीं था, अब है। ऐसे ही अगर कोई सुंदर दिखने के लिए कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाना चाहता है तो इसमें गलत कुछ नहीं है।'

### इन फिल्मों में नजर आएंगी रकुल

रकुल के करियर फ्रंट की बात करें तो वह कुछ दिन पहले अर्जुन कपूर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आईं। इस साल वह एक साउथ फिल्म 'इंडियन 3' कर रही हैं, साथ ही 'दे दे प्यार दे-2' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म के पहले पार्ट में रकुल की जोड़ी अजय देवगन के साथ बनी थी।

# करियर की शुरूआत में मुझे बदकिस्मत कहा जाता था



तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बात की। फिल्मफेयर के साथ हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्हें अपने करियर की शुरुआत में बदकिस्मत माना जाता था। क्योंकि उनकी पहली दो फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। अभिनेत्री ने कहा कि तेलुगु में यह मिथक था कि मैं बदकिस्मत हूं, क्योंकि मेरी पहली दो फिल्में नहीं चलीं। लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि उन दो फिल्मों में एक ही हीरो था। लेकिन लोग कहते थे कि उन्हें मैं नहीं चाहिए। श्रुति ने साल 2011 में सिद्धार्थ के साथ फिल्म 'अनागनागा ओ धीरुदु' और रोमांटिक ड्रामा 'ओह माय फ्रेंड' में काम किया था। ये उनकी पहली दो फिल्में थीं। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रहीं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि फिर पवन कल्याण सर ने मुझ पर भरोसा जताया और मेरा पूरा करियर बदल गया। अचानक बॉम्बे दिखने लगा, और तमिल दिखने लगा। एक्ट्रेस ने कहा कि यह सिर्फ लोगों की वजह से है और वे आप पर कितना भरोसा करते हैं। यह क्रिएटिव रूप से भी तब सामने आता है जब उन्हें लगता है कि आप कुछ कर सकते हैं। पवन कल्याण ने 2012 में आई 'गब्बर सिंह' में श्रुति हासन के साथ काम किया था।



# साई को रिलेशनशिप में मिला धोखा

**हालिया रिलीज 'ग्राउंड जीरो' में इमरान हाशमी के साथ नजर आईं अभिनेत्री साई तम्हणकर ने एक्टिंग से परे अपनी व्यक्तिगत जिंदगी, प्यार, विश्वासघात और धोखे को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने रोमांटिक रिलेशनशिप को प्रभावित करने वाले कुछ इमोशनल पैटर्न के बारे में भी अपने विचार रखे।**

### साई को मिला रिश्ते में धोखा

हॉटरफ्लाई के साथ हालिया बातचीत में अभिनेत्री साई तम्हणकर ने अपने एक रिलेशनशिप के बारे में बात करते हुए कहा, हां, बेशक मुझे धोखा मिला है। कम उम्र में धोखा दिया गया था। मुझे लगता है कि मेरे जीवन में बहुत पहले मेरे बहुत बुरे रिश्ते रहे हैं। मैंने इससे बहुत कुछ सीखा है। मुझे यह भी लगता है कि एक व्यक्ति के साथ रहना थोड़ा अप्राकृतिक है। मेरा मानना है कि चीट करने पर खुले तौर पर वापस आकर अपने पार्टनर को यह बताने की हिम्मत रखो कि मैंने यह किया है। आप दोनों इसके साथ शांति बनाए रखें।

साई ने बताया बहस के दौरान क्या करती हैं लड़कियां

बहस के दौरान अक्सर अनसुलझे मुद्दों के फिर से उभर आने पर साई का कहना है, तब लड़की को हर लड़ाई में यह करने की जरूरत नहीं है। लेकिन लड़कियां ऐसा करती हैं। हर लड़ाई में, अगर कोई पुरानी बात है तो। मैंने भी यह किया है, इसलिए मैं यह कह रही हूं। वह ऐसा करती है, इसलिए ऐसा नहीं होना चाहिए। कमिटेड रिलेशनशिप में चिंता बनी रहने और धोखे का डर सा लगा रहने पर अभिनेत्री ने कहा, जब कोई रिश्ता बनता है, तो वह बेचैनी या वह भावना अभी भी जीवित रहती है। लेकिन यह वाकई में दूरी नहीं होती है।

2013 में की शादी, दो साल बाद हो गई अलग

साई तम्हणकर ने पहले विजुअल इफेक्ट आर्टिस्ट अमेय गोसावी से शादी की थी। दोनों ने 15 दिसंबर 2013 को शादी की, लेकिन 2015 में आपसी सहमति से अलग हो गए। हालांकि उन्होंने कभी भी अपने अलग होने का कारण सार्वजनिक रूप से नहीं बताया।

# जयदीप ने बताया कैसे संभालते हैं फेम का प्रेशर



अपने अभिनय से इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल करने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है और इसे लोगों के मिले-जुले रिस्पॉन्स मिल रहे हैं। इससे पहले अभिनेता को उनके शो पाताल लोक सीजन 2 के लिए काफी प्रशंसाएं मिलीं और उनके अभिनय को काफी सराहा गया। अब अभिनेता ने सीरीज के किरदार हाथी राम चौधरी को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे 'पाताल लोक' ने उनके जीवन में काफी बदलाव लाया है।
हाल ही में बातचीत में जयदीप अहलावत ने अपने सबसे मशहूर किरदार हाथी राम चौधरी को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा, मुझे अपने आज तक निभाए गए सभी किरदार पसंद हैं। लेकिन बेशक जिसने मेरे करियर को सबसे अधिक प्रभावित किया, वह पाताल लोक था। हाथी राम ने मेरे लिए और लोगों के मुझे एक अभिनेता के रूप में देखने के तरीके में बहुत कुछ बदल दिया।

### किरदार के प्रति रहना है ईमानदार

इस दौरान जयदीप अहलावत ने बैक-टू-बैक हिट परफॉर्मेंस देने के दबाव के बारे में भी बात की। अभिनेता ने कहा, यह दबाव हमेशा बना रहता है। इसलिए मैं खुद को यह याद दिलाता रहता हूं कि किरदार के साथ ईमानदार रहना है। बाकी सब सिर्फ शोर है।
हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ' में अपने किरदार राजन औलाख के बारे में बात करते हुए एक्टर ने कहा, इसमें स्वभाव, तड़क-भड़क और शरारत या खुराफात का एक संकेत है। यह स्टाइलिश है, लेकिन इसमें परतें भी हैं। इसकी अप्रत्याशिता और नयेपन ने मुझे सबसे अधिक उत्साहित किया। भले ही पहले भी मैंने इंटेंस और इस तरह के किरदार निभाए हों, लेकिन यह भूमिका निभाना मजेदार था।

### 'द फैमिली मैन सीजन 3' में दिखाई देंगे जयदीप अहलावत

वर्कफ्रंट की बात करें तो जयदीप अहलावत की हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' है। इसमें उनके साथ सैफ अली खान, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं। वो अब मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित सीरीज 'द फैमिली मैन सीजन 3' में साथ नजर आएंगे।



# दूल्हा बनने के अलावा राजकुमार राव ने इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार, खूब हुई तारीफ

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में शादी में हो रही मुश्किलों को दिखाया गया है। फिल्म में राजकुमार राव की शादी होने में कई अड़चनें आती हैं। राजकुमार राव की कई फिल्में हैं जिनमें शादी के मुद्दे को दिखाया गया है। इन फिल्मों में शादी में जरूर आना, बधाई दो और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो शामिल हैं। इस खबर में हम आपको राजकुमार राव की उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिनमें उन्होंने दूल्हे के अलावा दूसरे किरदार निभाए हैं।

### भीड़

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म भीड़ में कोरोना महामारी के बाद उपजे हालात को दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान एक पुलिस अधिकारी को प्रवासी श्रमिकों को सीमा पार करने से रोकने का काम सौंपा गया है। पुलिस वाला जब लोगों की पीड़ा को देखता है तो वह लोगों की मदद करने लगता है। पुलिस अफसर के किरदार को राजकुमार राव ने अच्छे से निभाया है।

### छलांग

साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म छलांग एक स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में राजकुमार राव ने एक खेल अध्यापक की भूमिका निभाई है। फिल्म में वह एक आलसी प्रशिक्षक हैं, जो नौकरी में बने रहने के लिए न्यूनतम काम करते हैं। फिल्म में तब मजा आता है जब एक नया शिक्षक उनकी नौकरी और उनसे प्यार करने वाली महिला को छीनने की धमकी देता है। फिर राजकुमार राव एक्शन मोड में आते हैं।

### न्यूटन

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म न्यूटन में राजकुमार राव ने रिटर्निंग ऑफीसर का किरदार निभाया है। फिल्म में राजकुमार राव को एक ऐसे इलाके में चुनाव की ड्यूटी के लिए भेजा जाता है जो राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील है। राजकुमार राव अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अच्छी अदाकारी की है। फिल्म को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के अलावा कई दूसरे अवॉर्ड्स भी मिले थे।

### अलीगढ़

साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म अलीगढ़ एक प्रोफेसर पर आधारित थी। फिल्म में मनोज बाजपेयी अहम किरदार में थे। इस फिल्म में राजकुमार राव ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के मराठी भाषा के प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास रामचन्द्र सिरस पर आधारित थी। फिल्म में दिखाया गया है कि एक प्रोफेसर जिसकी फीलिंग दूसरे लोगों से अलग थी, उन्हें कितनी दिक्कतें हुईं। फिल्म में राजकुमार राव एक सच्चे पत्रकार की भूमिका निभाते हैं।

### शाहिद

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म शाहिद एक वकील की कहानी पर आधारित थी। शाहिद आजमी जिन पर पूर्व आतंकवादी कार्यकर्ता का इल्जाम लगता है, वह बाद में एक वकील बन जाते हैं। वह उन लोगों के लिए न्याय पाने के लिए लड़ते हैं, जिन्हें आतंकवाद के झूठे आरोप में दोषी ठहराया गया है। इस किरदार को राजकुमार राव ने बखूबी निभाया है। फिल्म की खूब सराहना हुई थी।

# वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में सिद्धार्थ संग शामिल हुईं तमन्ना



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है, जिसको शॉर्ट में वीवन नाम दिया गया है। इस फिल्म में अब सिद्धार्थ संग एक साउथ अभिनेत्री की एंट्री हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग जून 2025 में शुरू होगी और यह फिल्म 2026 में जाकर रिलीज होगी। इस फिल्म में तमन्ना एक महत्वपूर्ण और दमदार किरदार निभाएंगी। वह सिद्धार्थ के साथ मिलकर मध्य भारत की पौराणिक कहानियों की दुनिया को पर्दे पर लाएंगी। इसके लिए दोनों कलाकार प्रशिक्षण भी लेंगे।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, गिरर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, गिरर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णमोहन शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# दो बेसहारा बुजुर्गों का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बुजुर्गों को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति(रजि0) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने आज फिर दो बेसहारा बुजुर्गों को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। समिति के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने फोन पर सूचना दी कि दो बुजुर्ग एक नंबर स्थित संतों के गुरूद्वारे के पास लावारिस हालत में बैठे है। किशन लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी पुत्री कोमल बजाज और टीम के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत दोनो को उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर एक बुजुर्ग ने अपना नाम धूमसिंह पुत्र दौलतराम उम्र 64 वर्ष बताया। जबकि दुसरे बुजुर्ग ने अपना नाम बुलाटी पुत्र बालदेवराम और उम्र 61 वर्ष बताया।



इसके अलावा दोनों बुजुर्ग कुछ भी बताने में असमर्थ थे। किशन लाल बजाज ने बुजुर्गों को आश्वासन दिया कि जब तक चाहे वह आश्रम में रह सकते है और उनके खाने और पहनने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि बुजुर्गों के बारे में लिखित सूचना एक नंबर कोतवाली पुलिस में दे दी जाएगी।

# चेस में सेक्टर-16 के प्रणित ने लहराया तिरंगा

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** देश के उभरते चेस प्लेयर सेक्टर-16 फरीदाबाद निवासी प्रणित रस्तोगी ने ग्रीस के रोड्स में आयोजित वर्ल्ड कैडेट चेस चैंपियनशिप में अंडर-8 वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रणित रस्तोगी के पिता तुषार रस्तोगी ने बताया कि प्रणित ने 11 राउंड में कुल 8 अंक जुटाए और फाइनल रैंकिग्स में संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के आदिबेक आदिलुर (9.5), वियतनाम के न्गुयेनबाओ नाम (9), क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहे। विक्टर स्टानिकोस्की (8) प्रणित के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।




# विधायक सतीश फागना और निगम कमिश्नर ने किया प्रदेश मुख्यमंत्री की रैली स्थल का निरीक्षण

## 4 मई को एनआईटी डबुआ मंडी में होगी जन आभार रैली



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** आगामी 4 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एनआईटी फरीदाबाद आ रहे हैं। फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में यह जन आभार रैली आयोजित की जाएगी। एनआईटी से विधायक श्री सतीश फागना और नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों के साथ जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मंडी सचिव के कार्यालय में विधायक सतीश फागना और निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को रैली संबंधी निर्देश दिए हैं की रैली स्थल पर सब्जी मंडी होने के कारण गंदगी जूयादा दिखाई देती है इसलिए यहाँ पर सफ़ाई का विशेष इंतज़ाम किया जाना चाहिए, निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल सफाई संबंधित कार्य का जायजा लेते रहेंगे,इसके लिए निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा अन्य सफाई निरीक्षकों को भी कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास की तरफ से निर्देश सख्त निर्देश दिए हैं ।

इस मौके पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि आज निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के साथ साथ निगम,मंडी और अन्य विभागों के सभी अधिकारी पहुंचे हैं सभी मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों के मद्देनजर अपने अपने कार्य में जुटे हुए हैं ।विधायक ने कहा कि मंडी में सफाई कि कार्य जोरों से चल रहा है, उन्होंने ट्राफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी निर्देश दिए है ताकि लोगो को रैली स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी ना आए। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल,जॉइंट कमिश्नर हितेन्द्र कुमार,मुख्य अभियंता विवेक गिल ,अधीक्षण अभियंता ओमबीर सिंह,कार्यकारी अभियंता पदम भूषण,कार्यकारी अभियंता नितिन कादियान,मंडी सचिव युद्धराज यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रमिकों व मजदूरों को समर्पित है अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

## ब्यापार मंडल फरीदाबाद ( रजि ) व यथार्थ हॉस्पिटल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस




समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** ब्यापार मंडल फरीदाबाद रजि. व यथार्थ हॉसपिटल सेक्टर-88 ग्रेटर फरीदाबाद ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर तिकोना पार्क स्थित ब्यापार मंडल में मनाया। इस दौरान जहां पानी की छबील लगाकर श्रमिकों व मजदूरों को मीठा पानी वितरित किया। वहीं उन्हें टोपियां (केप) व रिफ्रेशमेंट इत्यादि वितरित की गई। साथ ही यथार्थ हॉसपिटल सेक्टर-88 ग्रेटर फरीदाबाद की और से निशुल्क शुगर और बी पी चैक किया गया। इस मौके पर ब्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि आज का दिन श्रमिकों व मजदूरों को समर्पित रहता है, जिनकी मेहनत की बदौलत न केवल देश आगे बढ़ रहा है बल्कि उनके परिश्रम को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ब्यापार मंडल और यथार्थ हॉसपिटल ने मिलकर आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाते हुए श्रमिकों व मजदूरों को गर्मी के मौसम में मीठा पानी व रिफ्रेशमेंट वितरित की और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मजदूर व श्रमिकों को समर्पित रहता है और इस दौरान श्रमिकों व मजदूरो को उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया, यथार्थ हॉसपिटल के वाईस प्रेसिडेंट सिध्दार्थ शर्मा ने कहा कि श्रमिक केवल श्रम नहीं करते, वे समाज की नींव रखते हैं- चाहे अस्पताल हो या निर्माण स्थल। उनके समर्पण से ही भविष्य गढ़ता है। यथार्थ हॉसपिटल्स की ओर से हर श्रमिक को नमन और सम्मान। यथार्थ हॉसपिटल्स हमेशा अपने मरीजों और उनके परिवारों को हर स्तर पर भरोसेमंद, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं देने के लिए समर्पित है। हमारी टीम आपातकाल, सामान्य देखभाल, सर्जरी और विशेषज्ञ उपचार जैसे हर क्षेत्र में तत्पर है। इस मौके पर यथार्थ हॉसपिटल के वाईस प्रेसिडेंट सिध्दार्थ शर्मा, राजीव शर्मा, शालिनी, विनय गुप्ता, सुमित तेवतिया, यादराम, शिखा, करन, क्रष्णा बंसीलाल कुकरेजा, आशीष अरोड़ा, मोनिका भाटिया, सचिन भाटिया, चुन्नी लाल खत्री, चन्द्र मोहन, अमित नरूला, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, नंद राम पाहिल, इन्द्र पाल जैन, हिमांशु मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में डीएलएसए फरीदाबाद द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन




समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), फरीदाबाद द्वारा श्रमिक समुदाय के अधिकारों एवं कल्याण से संबंधित जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रितु यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर फरीदाबाद जिले के प्रमुख श्रमिक क्षेत्रों में तीन विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया, जो निम्नलिखित स्थानों पर आयोजित हुए:

1. लेबर चौक, बल्लभगढ़
2. लेबर चौक, बड़खल फ्लाईओवर
3. लेबर चौक, सेक्टर 14-15, फरीदाबाद

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा संपन्न किया गया। इसके उपरांत शिवालिक प्रिंट्स प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर 6, फरीदाबाद के सहयोग से श्रमिकों के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रितु यादव द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने श्रमिकों को मजदूर दिवस का इतिहास और इसके महत्व के बारे में संबोधित किया। उन्होंने इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं एवं न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की। यह रैली शिवालिक प्रिंट्स कंपनी के गेट नंबर 2 से गेट नंबर 3 तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कई अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से शिवालिक प्रिंट्स प्रा. लि. प्रबंधक अनिल कुमार, सहायक श्रम आयुक्त अनुज, श्रम निरीक्षक सुनील यादव, मुख्य रक्षा अधिवक्ता रविंदर सहित अन्य औद्योगिक प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें विधिक सहायता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ। डीएलएसए, फरीदाबाद का यह पहल श्रमिक वर्ग को न्याय प्रणाली से जोड़ने और उनके जीवन स्तर को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम रहा।

# पुलिस उपायुक्त एन.आई.टी मकसूद अहमद ने पुलिस पब्लिक कोरडिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ किया गोष्ठी का आयोजन

समाचार गेट/सुमित गोयल



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त एन.आई.टी मकसूद अहमद ने पुलिस पर्बलिक कोरडिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग के दौरान जॉन में जाम लगने व दुकानदारों द्वारा मार्केट में अतिक्रमण करने जैसे मुद्दो पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस उपायुक्त द्वारा सभी प्रबंधक थाना व प्रभारी चौकियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र मे गस्त बढाए तथा मार्केट में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर नियमानुसार कार्रवाई करें, जिससे शहर मे जाम की स्थिति मे कमी लाई जा सके। मीटिंग मे मौजुद व्यापारियों द्वारा बताई गई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अतिक्रमण से निपटने के लिए नगर निगम व पुलिस उपायुक्त यातायात के साथ पत्राचार करने बारे निर्देशित किया। गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों पर लगाम लगाने, नशा तस्करी पर प्रहार करने और महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने बारे भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त मुजेसर, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली सहित हड्डा जोन के सभी प्रबन्धक थाना व सभी प्रभारी पुलिस चौकी उपस्थित रहे।

# कल होगा तृतीय खाटू श्याम वार्षिक महोत्सव




समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** श्री श्याम सेवा समिति आगमन रजि० द्वारा तृतीय वार्षिक महोत्सव शनिवार 3 मई 2025 को शाम 7:15 बजे से आगमन सोसायटी सेक्टर 70 आईएमटी फरीदाबाद में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें समिति के मुख्य सदस्य सुशील राजपूत जी ने बताया कि यह महोत्सव श्री प्रमोद कुमार टिबड़ेवाल जी के पावन सानिध्य में किया जाएगा जिसमें श्याम जगत के मशहूर भजन प्रवाहक नंदकिशोर शर्मा( नंदू भैया जी) वृंदावन से,मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद,भैया रामदास जी बरसाना,मनीषा ठाकुर बरसाना व राहुल गुप्ता मंच संचालक करेंगे।बाबा की पावन ज्योत पर अपनी सेवा श्री अमित शर्मा जी देंगे।

# प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक आयोजित



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक सिवानी की नए शैक्षणिक सत्र पर आवश्यक बैठक एस जी एस विद्यालय खेड़ा में आयोजित की गई ।बैठक में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष राम अवतार शर्मा और भिवानी से करियर प्लेनेट स्कूल के संचालक संजीव श्योराण ने शिरकत की। सबसे पहले मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई फिर पहलगाव की घटना पर शोक संतप्त व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। निजी विद्यालयों की आन बान शान रूपी साफा विद्यालय प्रबंधक समिति की ओर से मनोहर सिंह पूर्व सैनिक, जयपाल सिंह पूर्व सैनिक ने पहना कर अतिथियों का सम्मान किया। बैठक में मंच संचालन पवन कुमार जांगड़ा एन सी सी सेकंड ऑफिसर ने किया। बैठक में अध्यक्ष बदन सिंह तंवर ने ब्लॉक सिवानी की और से निजी विद्यालयों से जुड़ी तमाम समस्याओं को सांझा किया। अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने अपने संबोधन में हर समस्या को बड़े अच्छे तरीके से कुछ बिंदुओं के मौके पर ही जवाब हल किए ,कुछ को संज्ञान में लिया और उनके निदान के लिए कहा। उन्होंने सिवानी यूनिट को हरियाणा में निजी विद्यालयों हित के लिए अग्रणी यूनिट बताया। बैठक में प्राइवेट स्कूलों के सभी मुखिया मौजूद रहे।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमत | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| [illegible] | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| [illegible] | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |